विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

बुलंदशहर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। डीपीएस के प्रधानाचार्य डॉ. हरि शंकर वशिष्ठ ने बताया कि स्कूल की ओर से पांच दिवसीय पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों ने पेंटिंग और स्केच बनाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इसके साथ पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन, लेखन, भाषण प्रतियोगिता और नाटक प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने स्लोगन प्रतियोगिता, नाटक, भाषण, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। संवाद

दैनिक अमर उजाला, नवम्बर 22, 2020

प्रकृति की सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक

संवाद सहयोगी, बुलंदशहर : यमुनापुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रहे आनलाइन पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रकृति की सुरक्षा और वातावरण को अच्छा करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के अंतिम दिन पेंटिंग, स्केच, पोस्टर, स्लोगन लेखन, हरियाली सदाबहार तक, एक कदम पर्यावरण स्वच्छ रखने, भाषण और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छह से आठ तक के छात्रों ने पर्यावरण संबंधित विभिन्न तरीकों के भाषण प्रतियोगिता की प्रस्तुति दी। साथ ही कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों ने पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ पर्यावरण बचाने के लिए स्थानीय मुद्दे विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। प्रधानाचार्य डा. हरिशंकर वशिष्ठ ने कहा कि सभी को एक साथ मिलकर पर्यावरण के सुधार को आगे आना होगा। यह तभी संभव है जब सभी छात्र, अभिभावक, शिक्षक व देश के नागरिक एक जैसी सोच रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई।

दैनिक जागरण, नवम्बर 22, 2020